जैकेट से जारी

सेवक पैदा हों

यह तो नहीं मालूम कि राजनीति की लाचारी क्या है, किन्तु राष्ट्रहित के विरुद्ध हर गतिविधि को रोकना है तो हर उस व्यक्ति को भी धिक्कारना तो पड़ेगा जो अपनी मां के दूध को अपमानित कराने में भी नहीं लजाता। हमें सेवक चाहिए। सेवक पैदा करने का मार्ग प्रशस्त करें।

आपने जो उदाहरण फिल्म अभिनेता स्व. राजकपूर के जन्मशती उत्सव पर देश के समक्ष रखा कि उन्होंने मध्य एशिया में देश की छवि का जो उत्थान किया अद्भुत था। ऐसे ही व्यक्तित्व के धनी लोग युवाओं में भारत की प्रतिष्ठा की मशाल उठाकर चलते हैं। भारत जैसे देश में विभिन्न क्षेत्रों में सैकड़ों अनुभवी, प्रतिष्ठित विभूतियां यदि राजदूत बनकर जाएंगी तो निश्चित ही देश को पुनः शिखर पर ले जाने में गति आएगी। आपके 'योग' शब्द ने जो चमत्कार किया, वह विश्व के समक्ष है। जैसे आपने स्व. राजकपूर को 'सांस्कृतिक राजदूत' कहकर उनके योगदान की सराहना की। वैसे ही राजदूत बनकर सैकड़ों सांस्कृतिक राजदूत भारत के साथ विदेशी युवाओं को एकाकार कर सकेंगे। ईश्वर आपके स्वप्न को शीघ्र साकार करे।

(क्रमशः)

बहू की मौत के आरोपों से घिरीं रिटायर्ड जज 7 दिन बाद आईं सामने

ट्विशा की मौत में आरोपी पति समर्थ की जमानत याचिका खारिज, पुलिस ने रखा इनाम

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क

भोपाल. कटारा हिल्स क्षेत्र में 11-12 मई की रात हुई ट्विशा शर्मा की मौत के मामले में सोमवार को नया मोड़ आ गया। ट्विशा की सास रिटायर्ड जज गिरीबाला सिंह और पति समर्थ सिंह पर केस दर्ज होने के बाद जहां सास जमानत पर हैं। वहीं, फरार ट्विशा के एडवोकेट पति समर्थ की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने ₹10 हजार का इनाम घोषित किया। दहेज प्रताड़ना के आरोपों से घिरे समर्थ की अग्रिम जमानत याचिका जिला एवं सत्र न्यायालय ने खारिज कर दी। कटारा हिल्स पुलिस और एसआइटी उसकी तलाश कर रही है। ट्विशा के परिजनों की दहेज प्रताड़ना के आरोपों और बहू की मौत के 7 दिन बाद रिटायर्ड जज गिरीबाला सिंह सोमवार को सामने आईं। आरोपों को नकारा।

सीसीटीवी फुटेज आया सामने..

इधर, ट्विशा की मौत के दिन के सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं। इसमें ट्विशा रात 7.19 बजे सीढ़ियों से छत की ओर जाती दिख रही है। ठीक घंटे भर बाद 8.19 बजे उसके पति और दो अन्य लोग उन्हें नीचे लेकर आते दिखते हैं। सीढ़ियों पर सीपीआर देने का दृश्य भी दिख रहा है।

पिता बोले-जज का परिवार प्रभावशाली, एम्स दिल्ली में दोबारा कराएं पोस्टमार्टम

ट्विशा के पिता नवनिधि शर्मा ने आरोप लगाया, पुलिस ने कोर्ट में कहा है, आरोपी प्रभावशाली हैं। उनके रिश्तेदार बड़े पदों पर हैं। मामला कमजोर किया जा सकता है। उन्होंने दोबारा पोस्टमॉर्टम एम्स दिल्ली में कराने की मांग की। पिता ने कहा, पहले पुलिस कमिश्नर ने अनुमति दी थी। अब कोर्ट की अनुमति मांगी जा रही है। शव एम्स में है। देरी से शव खराब व साक्ष्य नष्ट होने का खतरा है। जांच भी मप्र से बाहर कराने की मांग की।

पूर्व जज सास ने सभी आरोप नकारे, बोलीं- वह ड्रग्स की आदी थी

बहू की मौत में घिरीं रिटायर्ड जज गिरीबाला सिंह ने मीडिया में सभी आरोपों को खारिज किया। बोलीं- ट्विशा ने आत्महत्या की। उसे परिवार के सदस्य की तरह रखा था। ट्विशा व समर्थ ने सहमति से शादी की। दावा किया, ट्विशा का इलाज मनोचिकित्सक डॉ. सत्यकांत त्रिवेदी से चल रहा था। वह ड्रग्स की आदी थी। ट्विशा को बेहोश मिलने के बाद परिवार ने सीपीआर दिया था। वह गर्भवती थी, पर बच्चा नहीं चाहती थी।

देवास: जांच दल एक माह में सौंपेगा रिपोर्ट

पटाखा फैक्ट्री हादसे की न्यायिक जांच शुरू, घटना स्थल का मुआयना करेंगे रिटायर्ड जज

देवास @ पत्रिका. टोंककलां में 14 मई को हुई भीषण पटाखा फैक्ट्री दुर्घटना की जांच आज से न्यायिक स्तर पर शुरू होने जा रही है। राज्य शासन द्वारा गठित एकल सदस्यीय जांच आयोग मंगलवार से मामले की जांच शुरू करेगा। आयोग के सदस्य सेवानिवृत्त न्यायाधीश सुभाष काकड़े मंगलवार सुबह करीब 10 बजे देवास पहुंचेंगे, जिसके बाद वे सीधे घटनास्थल का निरीक्षण करेंगे। आयोग को एक माह के भीतर अपनी रिपोर्ट राज्य शासन को सौंपनी है।

रिकंस्ट्रक्शन ऑफ इंसिडेंट : मामले में गिरफ्तार आरोपी अनिल मालवीय और आजास से पुलिस पूछताछ कर रही है। सोमवार को दोनों को घटनास्थल पर ले जाकर रिकंस्ट्रक्शन ऑफ इंसिडेंट कराया गया। पुलिस ने हादसे के समय मौजूद आरोपी आजास से विस्फोट की परिस्थितियों और फैक्ट्री संचालन से जुड़े कई बिंदुओं पर जानकारी जुटाई। टीमें साक्ष्य एकत्र करने में लगी हुई हैं। टोंककलां पटाखा फैक्ट्री हादसे के बाद से जिले में बारूद व पटाखों के भंडारण स्थल पर पुलिस और प्रशासन की टीमें जांच कर रही है।

तीन जिलों का सिंडिकेट बेनकाब, सुठालिया में 60 हजार कीमत की 46 सागौन सिल्लियां जब्त

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

सुठालिया(राजगढ़). तीन जिलों में फैले अवैध सागौन कारोबार पर वन विभाग ने कार्रवाई की। सोमवार को सुठालिया के बंदा नाले के पास से 46 लावारिस सागौन सिल्लियां जब्त की गईं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 60 हजार बताई है। सुठालिया और ब्यावरा वन विभाग की संयुक्त टीम की कार्रवाई ने उस अवैध सागौन सिंडिकेट की पुष्टि कर दी है, जिसके राजगढ़, गुना और विदिशा से राजस्थान तक सक्रिय होने का खुलासा पत्रिका लगातार करता रहा है। वन विभाग के अनुसार, पिछले एक सप्ताह से फर्नीचर कारोबारियों के कारखानों की जांच और रिकॉर्ड सत्यापन अभियान चलाया जा रहा था।

पुलिसकर्मी की गोली लगने से मौत, हत्या की आशंका

रीवा @ पत्रिका. शहर के समान थाना क्षेत्र में एक पुलिसकर्मी की गोली लगने से मौत हो गई। मृतक आरक्षक मैहर जिले के रामनगर थाने में पदस्थ थे। वे यहां दोस्त के घर आए थे। रविवार रात 12 बजे हुई घटना के बाद से दोस्त गायब हैं। सूचना मिलते ही पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने बताया, आरक्षक राकेश कुमार पटेल अपने बेटे की तबीयत खराब होने के कारण विभाग से अवकाश लेकर रामनगर से रविवार शाम छह बजे रीवा गए थे। रविवार रात वे गड़रिया मोहल्ले में रहने वाले दोस्त राकेश तिवारी के घर गए थे, जहां दोनों में शराब पार्टी चल रही थी। इसी दौरान गोली लगने की घटना हुई। गंभीर हालत में उन्हें संजय गांधी अस्पताल ले पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि गोली दोस्त के घर पर चली है।

भोजशाला के भविष्य की डीपीआर : 700 से 1800 करोड़ तक की विकास योजनाएं तैयार

सरस्वती लोक से पर्यटन का नया केंद्र बनेगा धार

हेमंत जाट
patrika.com

धार. भोजशाला को धार्मिक स्वरूप मिलने के बाद अब धार को देश के बड़े धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की तैयारी तेज हो गई है। मां वाग्देवी की प्रतिमा की लंदन से वापसी की उम्मीदों के बीच भोजशाला परिसर और उसके आसपास के क्षेत्र को सरस्वती लोक के रूप में विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना आकार ले रही है। स्थानीय स्तर पर इसकी विस्तृत प्लानिंग तैयार कर ली गई है। शासन स्तर से घोषणा होते ही डीपीआर प्रस्तुत की जाएगी। परियोजना का उद्देश्य राजा भोज की गौरवशाली विरासत, भोजकालीन संस्कृति, वास्तुकला, साहित्य, इंजीनियरिंग और ज्ञान परंपरा को वैश्विक पहचान दिलाना है।

आज मनाई जाएगी दिवाली

भोज उत्सव समिति के संयोजक गोपाल शर्मा ने बताया, मंगलवार सुबह पूजा और हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा। इसके बाद अखंड ज्योति मंदिर के बाहर प्रांगण में दीपावली उत्सव मनाया जाएगा। लोगों से उत्सव में शामिल होने की अपील की।

धार्मिक आस्था के साथ पर्यटन का महाकेंद्र

सरस्वती लोक परियोजना भोजशाला को केवल धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और ऐतिहासिक अनुभव केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना है। प्रस्तावित परियोजना में धार्मिक परिसर, सांस्कृतिक प्रदर्शनी स्थल, संग्रहालय, पर्यटक सुविधाएं, हरित क्षेत्र और आधुनिक आधारभूत संरचनाएं शामिल होंगी। इसके माध्यम से भोजकालीन ग्रंथ रचना, शिक्षा परंपरा, स्थापत्य कला और सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित किया जाएगा। इससे धार की पहचान राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत होने की संभावना है।

तीन प्रतिष्ठित फर्मों ने तैयार किए अलग-अलग मॉडल

सूत्रों के अनुसार, बेंगलूरु, दिल्ली और धार की तीन अलग-अलग प्रतिष्ठित फर्मों ने भोजशाला विकास को लेकर विस्तृत अवधारणात्मक रिपोर्ट तैयार की है। इन योजनाओं में लागत 725 करोड़ रुपए से लेकर 1800 करोड़ रुपए तक आंकी गई है। सरकार की स्वीकृति मिलते ही डीपीआर संबंधित विभागों और शासन के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी।

144 स्तंभों के बीच स्थापित होंगी करीब 80 प्रतिमाएं

धार की इतिहास और कला से जुड़ी संस्था द्वारा तैयार एक प्रस्ताव में भोजशाला के संरक्षित परिसर के भीतर विशेष सांस्कृतिक स्वरूप विकसित करने की योजना बनाई है। इसके तहत 144 स्तंभों के बीच राजा भोज, उनके 9 रत्नों और भोजकालीन उपलब्धियों से जुड़ी करीब 80 प्रतिमाएं स्थापित करने का प्रस्ताव है।

राजा भोज द्वारा निर्मित भोजशाला मां सरस्वती का मंदिर था। न्यायालय द्वारा इसे मंदिर घोषित किया गया है। सीएम ने भी घोषणा की है कि अयोध्या और उज्जैन की तर्ज पर भोजशाला में सरस्वती लोक बनाया जाएगा। पूर्व के प्रस्ताव पर भी केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति विभाग मंत्री से मुलाकात कर आगे की रुपरेखा बनाई जाएगी।

- सावित्री ठाकुर, केंद्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद, धार

दमोह में फर्जीवाड़े के बाद पूरे प्रदेश में वॉक इन इंटरव्यू से भर्ती डॉक्टरों की डिग्री की होगी जांच

पीएससी को योग्य अभ्यर्थी नहीं मिल रहे... बिना दस्तावेज जांचे दे रहा नियुक्ति

विशेषज्ञ बोले- ऐसे फर्जी डॉक्टर मरीजों की जान ही ले लेंगे

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क

भोपाल. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) से हुई डॉक्टरों की भर्ती और दमोह में फर्जी डिग्री और रजिस्ट्रेशन वाले डॉक्टरों के पकड़ने जाने के बाद पूरा सिस्टम सवालों के घेरे में है। इस फर्जीवाड़े के खुलासे के बाद पत्रिका की पड़ताल में पता चला कि अस्पतालों में डॉक्टरों की इतनी कमी है कि दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया का भी पालन नहीं किया जा रहा। मप्र लोक सेवा आयोग ने डॉक्टरों की भर्ती की कवायद की, पर योग्य अभ्यर्थी न मिलने से 311 पद रिक्त छोड़ने पड़े। वहीं, एनएचएम संविदा पर वॉक इन इंटरव्यू के जरिए मेडिकल ऑफिसर बना रहा है। दमोह में हुए फर्जीवाड़े के बाद अब एनएचएम के प्रभारी मिशन डायरेक्टर मयंक अग्रवाल ने सभी मेडिकल कॉलेजों के डीन और सीएमएचओ को वॉक इन से नियुक्त किए गए सभी डॉक्टरों के दस्तावेजों का वेरिफिकेशन कराने के निर्देश जारी किए हैं।

ये दो कारण, इसलिए सिस्टम में घुसे फर्जी लोग

प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में 40% और स्वास्थ्य विभाग के अस्पतालों में 35 % डॉक्टरों की कमी है। एनएचएम डॉक्टरों की भर्ती के लिए हर मंगलवार-बुधवार को वॉक इन इंटरव्यू के लिए ऑनलाइन आवेदन लेता है। इंटरव्यू के बाद उनके दस्तावेज सिर्फ देखता है और नियुक्ति दे देता है। जिस जिले में नियुक्ति होती है, वहां सीएमएचओ को सत्यापन के लिए दस्तावेज भेजे जाते हैं। एनएचएम में अन्य सभी काम जहां ऑनलाइन हो रहे हैं। लेकिन एमबीबीएस की डिग्री और रजिस्ट्रेशन की जांच की ऑनलाइन व्यवस्था ही नहीं है। नतीजा सिस्टम में फर्जी लोग डॉक्टर बनकर घुस रहे हैं।

डॉक्टरों का काम एक जैसा है। लेकिन एमपी-पीएससी से उनकी भर्ती परीक्षा और इंटरव्यू लेकर करता है। हाल ही में घोषित परिणाम में 1649 मेडिकल ऑफिसरों के पदों में से अनूसूचित जनजाति और ईडब्ल्यूएस के 311 पदों पर योग्य अभ्यर्थी न मिलने से भर्ती नहीं हो सकी। जबकि एनएचएम में संविदा पर यू कोट, वी पे स्कीम से भर्ती की जा रही है। इसके तहत विशेषज्ञ डॉक्टर जो वेतन बताते हैं, उन्हें उतने वेतन पर नियुक्तियां दी जा रही हैं। लेकिन सत्यापन का सिस्टम ऑफलाइन ही है।

दमोह: चार अंडरग्राउंड एआइ से बनी की डिग्री से क्लीनिक में पहुंचे फर्जी डॉक्टर

दमोह@पत्रिका. फर्जी डिग्री पर संजीवनी क्लीनिकों में डॉक्टर की नौकरी कर रहे ग्वालियर के सचिन यादव और सीहोर के राजपाल गौर पकड़ाने के बाद पुलिस अब डिग्री बेचने वालों को ढूंढ़ रही है। पुलिस को आरोपियों से एमबीबीएस की जो डिग्री मिली, जांच में वह आर्टिफिशियल (एआइ) से बनाई लग रही हैं। जीवाजी व रीवा मेडिकल कॉलेज की असली डिग्रियां व आरोपियों की डिग्रियां हू-ब-हू हैं। लेआउट, सील-साइन, मोनो एक जैसे ही हैं। पुलिस को आशंका है कि यह एआइ से बनाई है। पूछताछ में तीनों आरोपियों यादव, गौर व अजय मौर्य ने फर्जी डिग्री बेचने वाले 4 लोगों के नाम बताए। लेकिन सभी मोबाइल बंद हैं। एसपी आनंद कलादगि ने बताया, आरोपी सचिन ने पूछताछ में एक नाम बताया, पर उसका भाई मास्टरमाइंड है।

कार ने मारी टक्कर, दीव में ग्वालियर के पिता-पुत्र की मौत

पृथ्वीराज अनिकेत

राजकोट/दीव @ पत्रिका. केंद्र शासित प्रदेश दीव के नागवा रोड पर रविवार देर रात सड़क हादसे में ग्वालियर के पृथ्वी हुंदराज वाधवानी और पुत्र अनिकेत की मौत हो गई। पृथ्वी की पत्नी नीतू, भतीजा ओमेश गिरधारी वाधवानी गंभीर घायल हैं। जानकारी के अनुसार पृथ्वी के बड़े भाई गिरधारीलाल ने जूनागढ़ के पास तिल की फैक्ट्री शुरू की। उद्घाटन समारोह पृथ्वी हुंदराज अनिकेत में शामिल होने पृथ्वी परिवार के साथ आए थे। रविवार दोपहर कार्यक्रम के बाद दोनों भाई के परिवार घूमने दीव गए। रविवार रात नागवा रोड पर सामने से तेज रफ्तार में आ रही सूरत की कार ने टक्कर मार दी।

3 को पकड़ा, 3 फरार : सूचना मिली तो दीव पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। आरोपी कार चालक समेत तीन को घटनास्थल से पकड़ लिया। तीन अन्य लोग फरार हो गए। जांच में सामने आया कि टक्कर मारने वाली कार सूरत के योगी चौक स्थित स्वास्तिक प्लाजा के पास कृष्णा रो-हाउस निवासी मिहिर की है।

टक्कर में तीन युवकों की मौत, एक घायल

बड़वानी/अंजड़ @ पत्रिका. अंजड थाना क्षेत्र के लखनगांव फाटे के पास रविवार रात कार और ट्रैक्टर की टक्कर में 3 युवकों की मौत हो गई, वहीं ट्रैक्टर चालक घायल हो गया। मृतकों की पहचान ग्राम ब्राह्मणगांव निवासी अरविंद नामदेव, लोकेश प्रजापत और दशरथ केवट के रूप में हुई। तीनों बड़वानी से काम निपटाकर कार से घर लौट रहे थे।

देवेंद्रनगर में मिला दुर्लभ स्टार कछुआ, गांधी सागर अभयारण भेजा जाएगा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

पन्ना. उत्तर वन मंडल के देवेंद्रनगर क्षेत्र में दुर्लभ प्रजाति का भारतीय तारा कछुआ मिला। महेंद्र प्रजापति के खेत में यह दिखाई दिया, जिसके बाद उसे वन विभाग को सौंप दिया। अब इसे गांधी सागर अभयारण मंदसौर भेजा जाएगा। डीएफओ धीरेंद्र सिंह ने बताया, इसका वैज्ञानिक नाम जियोक्लोन एलिगेंस है। इसकी पीठ पर तारे जैसी पीली धारियां बनी होती हैं, जिसके कारण इसे स्टार टॉरटॉइज कहा जाता है। दुर्लभ स्टार टॉरटॉइज प्रजाति वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत संरक्षित और संकटग्रस्त श्रेणी में शामिल है। इसकी आयु 30 से 50 वर्ष तक हो सकती है। अवैध तस्करी के कारण इसकी संख्या लगातार घट रही है।

रोटावेटर की चपेट में आया किसान, मौत

बड़वानी. जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के बजट्टा उज्जवनी गांव में एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार किसान सोमवार सुबह अल्केश अपने खेत में ट्रैक्टर से जुताई कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वे नीचे गिर पड़े। गिरते ही वे रोटावेटर के घूमते ब्लेड की चपेट में आ गए जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से रोटावेटर में फंसे शव को बाहर निकाला। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मधुमक्खियों के हमले से बुजुर्ग पेड़ से गिरा

नलखेड़ा @ पत्रिका. दमदम गांव में आम तोड़ते समय बुजुर्ग पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। मधुमक्खियों से बचने के प्रयास में बुजुर्ग का संतुलन बिगड़ा और वे आम के पेड़ से गिर पड़े। परिजन उपचार के लिए अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे, इसी दौरान उनकी मौत हो गई।

कार्यालय प्राचार्य, उज्जैन इंजीनियरिंग कॉलेज, उज्जैन (म.प्र.)
(म.प्र. शासन द्वारा स्वशासी घोषित)
Tel (O) (0734)-2511912 E-mail principal.uecu@gmail.com
Fax (0734)-2511912 Web-site www.uecu.ac.in
क्रमांक/ सेंट्रल स्टोर/631/2026 उज्जैन दिनांक :- 18/05/26
mptenders.gov.in पर खुली निविदा विज्ञप्ति
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संस्था में B.Tech/M.Tech प्रथम वर्ष प्रवेश आवेदन पत्र स्थानान्तरण प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, बेबाकी प्रमाण पत्र एवं छात्रो के उपस्थिति रजिस्टर की छपाई करवाने हेतु निविदा क्रमांक 2026_DTE_207869_1 दिनांक 15/05/2026 के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की गई है। उक्त निविदा के संबंध में समस्त जानकारियाँ mptenders.gov.in पर उपलब्ध है।
प्राचार्य, उज्जैन इंजीनियरिंग कालेज, उज्जैन (म.प्र.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर
वर्कशॉप विभाग
NIT No.: 03/E-Tendering/WS/2026-27 Date: 15/05/2026
निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक/ जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	2025_UAD_505879_1 08/05/2026	Tender for selection of Evaluator registered with Insolvency and Bankruptcy Board of India IBBI as per tender terms.	स्वीकृत दर	₹1,000/- ₹5,000/-	21/05/2026 16:30 PM

नोट: निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
प्रभारी अधिकारी
वर्कशॉप विभाग, नगर पालिक निगम, इन्दौर

बुन्देलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ मर्या., सिरोंजा, सागर
E-Mail - sanchimccsagar@gmail.com, Purchase.bkds@sanchidairy.com
क्र./ 227/यांत्रिकी/सं.स./बु.स.दु.सं. / 2026 सागर, दिनांक :- 18.05.2026
ई-निविदा सूचना (3rd call)
बुन्देलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ के दुग्ध संयंत्र, सागर पर 33 KVA Substation में एमई डीपी से ट्रांसफार्मर तथा ट्रांसफार्मर से पैनल तक विद्युत सप्लाई हेतु उच्चदाब Cable Trench with cover, 300 Sqmm cable laying and termination end kit installation लगाये जाने के कार्य हेतु एम.पी.ई.व्ही. से पंजीकृत "अ" श्रेणी के ठेकेदार / निविदाकारों से ई-निविदा के माध्यम से Online निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक एवं पात्र निविदाकार द्वारा मध्यप्रदेश शासन की ई-निविदा बेवसाइट www.mptenders.gov.in पर निविदा प्रपत्र राशि रू. 1000/- (एक हजार रू.) से भुगतान कर दिनांक 25.05.2026 अपरान्ह 12:00 बजे तक प्राप्त / क्रय किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र दिनांक 25.05.2026 को अपरान्ह 4:00 बजे तक स्वीकार किये जायेगें एवं दिनांक 26.05.2026 को अपरान्ह 4:00 बजे खोले जायेगें। सुरक्षा निधि की राशि रूपये 7500/- का भुगतान किया जाना अनिवार्य है। जिसके अभाव में प्राप्त किसी भी निविदा को मान्य एवं स्वीकृत नहीं किया जावेगा। निविदा संबंधी सभी शर्ते एवं अन्य विस्तृत जानकारी एम.पी.सी.डी.एफ. की बेवसाइट www.sanchidairy.com पर उपलब्ध है।
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
बुन्देलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ मर्या., सागर (म.प्र.)

Bank of India
रिश्तों की जमापूंजी
Relationship beyond banking
आंचलिक कार्यालय : स्टार हाउस, प्लॉट 9-आरसी, स्कीम नं. 134, एम.आर.-10, स्टार चौराहे के पास, इन्दौर - 452010, फोन 2445122-117-147
अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना
ई-नीलामी विक्रय सूचना प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन, हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना
आल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना आम लोगों को और विशेष रुप से उधार लेने वाले/जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि निम्न वर्णित सारणी के कॉलम 3 में उल्लिखित अचल संपत्ति जो **प्रतिभूत लेनदार (बैंक ऑफ इंडिया)** के पास गिरवी / प्रभारित है, जिसका सांकेतिक/भौतिक कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **''जहां है ,जैसा है और जो कुछ भी है''** के आधार पर निम्नलिखित तालिका के कॉलम 2 में उल्लिखित ऋणी एवं जमानतदारों से बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) की निम्नलिखित तालिका के कॉलम 4 में उल्लिखित राशि की वसूली हेतु **दिनांक 09.06.2026** को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं जमा योग्य अग्रिम धनराशि तालिका के कॉलम 6 व 7 में क्रमशः दी गई है।
ई-नीलामी दिनांक 09.06.2026 को प्रातः 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक

शाखा का नाम (1)	ऋणी / जमानतदार का नाम (2)	संपत्ती का विवरण व स्वामी का नाम (3)	मांग सूचना 13(2) के तहत मांग नोटिस दिनांक व बकाया राशि (4)	आधिपत्य की दिनांक व प्रकार (5)	आरक्षित राशि (रू.) (6)	ईएमडी (7)
शाखा : एआरवी	श्रीमती रजनी सोनी पति श्री महेन्द्र सोनी, पता : 1. फ्लेट नं. 105, शिव किरन ऐवेन्यु, 68, राम रहीम कॉलोनी, होटल पपाया ट्री के पीछे, राउ, इन्दौर (म.प्र.)- 453331, पता : 2. फ्लेट नं. 106, शिव किरन ऐवेन्यु, 68, राम रहीम कॉलोनी, होटल पपाया ट्री के पीछे, राउ, इन्दौर (म.प्र.)- 453331,	रहवासी फ्लेट नं. 105, शिव किरन ऐवेन्यु, 68, राम रहीम कॉलोनी, राउ, तहसील एवं जिला इन्दौर, **संपत्ति मालिक : श्रीमती रजनी सोनी पति श्री महेन्द्र सोनी, एरिया - 420 वर्ग फीट, सुपर बिल्टअप एरिया 687.5 वर्ग फीट , चतुर्सीमा : पूर्व :** पैसेज के बाद फ्लेट नं. 104, **पश्चिम :** खुली भूमि, **उत्तर :** फ्लेट नं. 106, **दक्षिण :** अन्य मकान	18.11.2022 ₹ 11,53,099.60 + ब्याज एवं अन्य खर्च	26.06.2023 भौतिक	₹ 09.30 लाख	₹ 0.93 लाख
शाखा : एआरवी	मेसर्स लक्की ट्रेडर्स प्रोप्रा. श्री जयंतीलाल संघवी, दुकान नं. 8/10 वेयरहाउस रोड, सरदार पटेल ब्रिज, सियागंज, जिला इंदौर म.प्र. 452002, श्री जयंतीलाल संघवी पिता सरदारमल संघवी (प्रोपराइटर), श्री नकुल संघवी पिता श्री जयंतीलाल संघवी (जमानतदार), श्रीमती सरला संघवी पति श्री जयंतीलाल संघवी (जमानतदार), सभी का पता:- मकान नं. 21 सेक्टर बी राधा नगर इंदौर (म.प्र.) 452002	फ्लेट कमांक 101, प्रथम तल पर, स्वर्ण सागर पैलेस, प्लॉट कमांक एस-2, सर्वोदय नगर, स्कीम कमांक 31, तहसील एवं जिला इंदौर म.प्र. 452001, **क्षेत्रफल : 1260 वर्ग फीट, चतुर्सीमा - पूर्व** - प्लॉट कमांक एस-3 और एस-4, **पश्चिम** - फ्लेट कमांक 102, **उत्तर** - रोड, **दक्षिण** - प्लॉट कमांक एस-6 और एस-7, **मालिक : श्री जयंतीलाल संघवी पिता सरदारमल संघवी**	02.01.2018 ₹ 1,58,99,645.12 + ब्याज एवं अन्य खर्च	03.04.2018 सांकेतिक	₹ 22.42 लाख	₹ 2.25 लाख
		फ्लेट कमांक 201, द्वितीय तल पर, स्वर्ण सागर पैलेस, प्लॉट कमांक एस-2, सर्वोदय नगर स्कीम कमांक 31, तहसील एवं जिला इंदौर म.प्र. 452001, **क्षेत्रफल : 1260 वर्ग फीट, चतुर्सीमा - पूर्व** - प्लॉट कमांक एस-3 और एस-4, **पश्चिम** - फ्लेट कमांक 202, **उत्तर** - रोड, **दक्षिण** - प्लॉट कमांक एस-6 और एस-7, **मालिक : श्री जयंतीलाल संघवी पिता सरदारमल संघवी**			₹ 21.58 लाख	₹ 2.16 लाख
		फ्लेट कमांक 301, तृतीय तल पर, स्वर्ण सागर पैलेस, प्लॉट कमांक एस-2 सर्वोदय नगर स्कीम कमांक 31, तहसील एवं जिला इंदौर म.प्र. 452001, **क्षेत्रफल : 1170 वर्ग फीट, चतुर्सीमा - पूर्व** - प्लॉट कमांक एस-3 और एस-4, **पश्चिम** - फ्लेट कमांक 302, **उत्तर** - रोड, **दक्षिण** - प्लॉट कमांक एस-6 और एस-7, **मालिक : श्री जयंतीलाल संघवी पिता सरदारमल संघवी**			₹ 20.02 लाख	₹ 2.01 लाख

क्रेता के द्वारा स्टाम्प शुल्क, बिक्री प्रमाण पत्र शुल्क, पंजीकरण शुल्क, टी.डी.एस. सरकार को देय सभी वैधानिक बकाया, कर और दरों और संपत्तियों से संबंधित कोई अन्य खर्च, मौजूदा और भविष्य, दोनों के लिए देय होगा। बिक्री प्रमाण पत्र केवल सफल बोलीदाता के नाम से ही जारी किया जाएगा।
ई-नीलामी सेवा प्रदाता की वेबसाईट **https://baanknet.com** बोलीकर्ता **https://baanknet.com**, नियम व शर्तो की अधिक जानकारी हेतु शैक्षणिक वीडियो के साथ देख सकते है। बोलीकर्ता को पूर्व में ही बोली पंजीयन की सभी औपचारिकताएं पूर्ण करना अनिवार्य है। नीलामी से संबंधित सभी जानकारी ई-नीलामी दिनांक से पहले ही प्राप्त कर लेने की सभी जवाबदारी बोलीकर्ता की रहेगी।
ए. सफल बोलीकर्ता को घोषणा के तुरंत बाद बिक्री मूल्य का 25 % (पहले से भुगतान की गई ईएमडी घटाकर) जमा करना होगा।
बी. नीलामी- बिक्री की कार्यवाही में बैकिंग लेनदेन का समय समाप्त होने के पश्चात, खरीद मूल्य का 25 % (पहले से भुगतान की गई ईएमडी घटाकर) अगले कार्य दिवस तक जमा कराना होगा।
सी. बिक्री मूल्य की शेष राशि का भुगतान बिक्री की दिनांक से 15 वें (पंद्रहवें) दिन के भीतर जमा किया जाना होगा।
डी. उपर उल्लिखित अवधि के भीतर भुगतान न करने पर, जमा और बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति को फिर से बेच दिया जाएगा।
इ. सफल बोलीकर्ता की यह जिम्मेदारी होगी की आयकर अधिनियम की धारा **194-IA** के तहत लागू 1 % की दर से टीडीएस जमा करना होगा, यदि इस तरह के प्रतिफल के लिए जमा या भुगतान की गई राशि का योग रु. 50 लाख या अधिक है। टीडीएस को फार्म **26QB** आनलाईन भरकर जमा कराना होगा और टीडीएस सर्टिफिकेट फार्म **16B** में जारी करना होगा। खरीदार को सरकारी खाते मे आयकर जमा करने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
एफ. बोली केवल ऑनलाइन प्रक्रिया